संक्षिप्त

दहेज के 21 लाख रुपये लौटाए

पावटा। गांव कारोली ढाणी भोमसिंह वाली निवासी मोहन सिंह शेखावत ने अपने बेटे अजेन्द्र सिंह की शादी में दहेज प्रथा को नकारते हुए 21 लाख रुपये दुल्हन पक्ष को वापस लौटा दिए। अजेन्द्र सिंह की शादी प्रियंका कंवर पुत्री सतपाल सिंह निवासी पाटोदा झज्जर के साथ होनी है। विवाह में टीके के समय में दुल्हन प्रियंका कंवर के पिता सतपाल सिंह की ओर से दूल्हे को 21 लाख रुपये शगुन के रूप में दिए गए, लेकिन दूल्हा पक्ष की ओर से दूल्हे के चाचा सरपंच श्रवण सिंह शेखावत व महिपाल सिंह शेखावत एवं पिता मोहन सिंह ने दहेज को एक सामाजिक बुराई बताया। इसके साथ ही दुल्हन पक्ष को दहेज की रकम वापस लौटा दी। मात्र एक रुपया और नारियल लेकर समाज के समक्ष अनूठी मिसाल पेश की। दूल्हा अजेंद्र सिंह व दुल्हन प्रियंका कंवर इंजीनियर है। दूल्हे अजेंद्र सिंह का कहना है कि उसकी इच्छा दहेज के बिना ही शादी करने की थी, उसने दहेज प्रथा जैसी बुराई को खत्म करने की अपील की। जहां जन प्रति निधियों व ठाामीणों ने बिना दहेज के शादी करने की पहल पर दूल्हे व परिजनों की जमकर सराहना की है।

2 जनों को जेल भेजा

नारायणपुर । थाना क्षेत्र के मालोड़ी की ढाणी में रास्ते को लेकर हुए विवाद में हुई गंभीर मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि 23 सितंबर को रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस झगड़े के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने 30 जनवरी को एक पक्ष के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी क्रम में बुधवार देर शाम को पुलिस ने दूसरे पक्ष के कालू सैनी और उसके पिता बुद्धाराम को गिरफ्तार कर लिया। इन पर गंभीर मारपीट का आरोप है। गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

अशोक कुमार मीडिया प्रभारी नियुक्त

चौरु/उनियारा। अखिल भारतीय कुशवाह सैनी माली महासभा इकाई राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गजानन्द सैनी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर मेहता की अनुमति से एवं प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति से उनियारा निवासी अशोक कुमार सैनी वार्ड नं. 2 को कुशवाह सैनी माली महासभा उनियारा का तहसील मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है ।प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा सैनी का यह मनोनय उनके संघर्षशील ,कड़ी मेहनत, ईमानदारी, जिम्बेदारी, त्याग समर्पण एवं संगठनात्मक क्षमता समाज के प्रति संवेदनशीलता के कारण बनाया गया है ।अशोक कुमार सैनी को सैनी महासभा उनियारा का तहसील मीडिया प्रभारी नियुक्त करने पर मिलने वालों व समाज के लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी एवं समाज के पत्रकार बंधुओ में खुशी की लहर है ।

सड़कों के लिए 1.80 करोड़ की मंजूरी

चौंमू / कालाडेरा । विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सड़कों के नवीनीकरण कार्य के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 1.80 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवम् पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। सड़क कार्यो के लिए धोबलाई रोड से पिपली स्टैंड तक 2 किमी. (36 लाख) ,चीथवाड़ी से चोप रोड तक 3 किमी. (54 लाख), किशनपुरा से किरत सिंह का बास तक 1.50 किमी. (27 लाख), सिंगोदखुर्द से बागड़ा ब्रिज तक 1.50 किमी. (27 लाख), कालाडेरा से प्रागपुरा तक 2 किमी. निर्माण के लिया लाख रुपयों की स्वीकृति मिली है, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़को के नवीनीकरण कार्य के लिए 1.80 करोड़ रुपयों की स्वीकृति मिली हैं, उक्त सड़के बारिश में काफ़ी क्षितठास्त हो चुकी थी। सड़को के नवीनीकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे आने वाले समय में आमजन को राहत मिल सकेगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

पूर्व सांसद युवरानी महेन्द्र कुमारी को श्रद्धा से याद किया

अलवर । जिला कांग्रेस कमेटीअलवर की ओर से पूर्व सांसद स्व. युवरानी महेंद्रा कुमारी जी की 83 वीं जयंती पर सागर जलाशय के पास स्मृति वन स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह उनकी पत्नी श्रीमती अंबिका सिंह पुत्र एवं पुत्रियों सहित कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा , कांठोस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि मुझे जो संस्कार मिले हैं, वे मेरी मां पूर्व सांसद स्व. युवरानी महेन्द्र कुमारी से मिले हैं। उन्हीं के बताए आदर्शों पर चलकर मैं यहां तक पहुंचा हूं। उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करने से होगी। उन्होंने कहा कि मां की अलवर जिले के लिए विकास की सकारात्मक सोच को उन्होंने आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। उनका यह सपना था कि अलवर अपने नाम के अनुरूप आदर्श जिला बने। अलवर की जनता युवरानी जी को नेता के रूप में नहीं बल्कि एक मां के रूप में उनको देखती थी। युवरानी जी को पशु पक्षियों से विशेष प्रेम था।

अलवार में पूर्व सांसद स्व. युवरानी महेंद्रा कुमारी जी की 83 वीं जयंती मनाई गई।

- मुझे जो संस्कार मिले हैं, वे मेरी मां पूर्व सांसद स्व. युवरानी महेन्द्र कुमारी से मिले : जितेंद्र सिंह
- युवरानी जी का राजनीति से ऊपर हटकर एक कद था, उन्हें राजमाता कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी : मिश्रा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि युवरानी जी का अलवर की जनता के प्रति वात्सल्य, प्रेम, प्राणी मात्र के प्रति दयाभाव और मानवीय दृष्टिकोण उनके व्यक्तित्व की पहचान बना। अलवर के विकास के लिए काफी कार्य करवाये थे। युवरानी जी का राजनीति से ऊपर हटकर एक कद था, उन्हें अलवर की राजमाता कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

इस दौरान भँवर जितेन्द्र सिंह , कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक मांगेलाल मीणा, पूर्व विधायक जोहरीलाल लाल मीणा, बलजीत यादव, शकुंतला रावत, ललिता मीणा, विनोद कुमारी सांगवान, जीत कौर सांगवान, लीली यादव, कमलेश सैनी, बीना नरूका, संजय यादव, गफ़ूर खान, बिजेंद्र सिंह महलावत, नरेन्द्र सिंह राठौड़, रामबहादुर तंवर, हरिशंकर रावत, रिपु दमन गुप्ता, जे डी आर्यन, प्रकाश गंगावत, पुष्पेन्द्र धाबाई, जोगेंद्र सिंह कोचर, अंकित गोयल, जगदीश अवस्थी, अभय पप्पू प्रधान, पंकज शर्मा, अनवर साजिद खान, रमन सैनी,राम प्रकाश शर्मा, राजेश कृष्ण सिद्ध, विवेक प्रधान, दीपेन्द्र सैनी, राजेश विरमानी, योगेश कुमार शर्मा, राकेश बैरवा, के के खंडेलवाल, बिजेंद्र सैन, मनोज शुक्ला,अनिल चुग, जसमल खान, एस आर यादव, हुक्म सिंह निर्भय, अरविन्द गुप्ता, सुरेश शर्मा, अशोक कुमार नंदा मौजूद रहे।

श्री कृष्ण गोशाला की ब्लॉक स्तर पर प्रथम रैंक

शाहपुरा। पशुपालन व गोपालन विभाग के द्वारा मासिक प्रगति रिपोर्ट के तहत जनवरी माह की रैंकिंग व ग्रेडिंग सूची जारी की गई है।

जिसमें श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ 100 अंकों में 72 अंक अर्जित करके जिलेभर में 9 वीं तथा अजीतगढ ब्लॉक में प्रथम स्थान अर्जित किया है। पशुपालन विभाग सीकर संयुक्त निदेशक के मुताबिक पशुपालन, गोपालन एवं मत्स्य विभाग शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने दिसम्बर 2024 से अनुदानित गौशालाओं में गौवंश को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु मुख्य निष्पादन संकेतकों के आधार पर मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार करके के निर्देश दिए थे। जिसके तहत जनवरी 2025 माह की रिपोर्ट तैयार करवाई गई थी।

5 फरवरी को सीकर जिलेभर की 92 अनुदानित गौशालाओं की सूची विभाग ने रिपोर्ट कार्ड जारी किया। जिसमें श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ़ को 100 में से 72 अंक होने पर जिला सूची में 9 वें स्थान तथा बी ग्रेड दिया गया। यह गोशाला अजीतगढ ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान पर है, जबकि उपखंड स्तर पर 75 अंक अर्जित करने वाली श्री रामकृष्ण गोशाला फुटाला प्रथम व अजीतगढ़ दूसरे स्थान पर है।

गिव-अप अभियान में आवेदन 28 तक

पावटा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्तियों को स्वेच्छा से योजना से नाम हटवाने के लिए गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। जिसे लेकर पावटा उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय ने बताया कि इस अभियान में अपना नाम हटाने के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 31 जनवरी थी। जिसे बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया गया है। इसके बाद अगर किसी का नाम गलत मिला तो कार्रवाई होगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (एनएफएसए) में चयनित सक्षम व्यक्तियों के नाम स्वेच्छा से हटाने के लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने गिव-अप अभियान चला रखा है। इसका उद्देश्य अपात्र व्यक्तियों को चिह्नित कर योजना का लाभ सही पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। प्रत्येक राशन की दुकान पर पोस्टर और फ्लेक्स लगाए है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंच सके। अभियान के तहत सभी राशन की दुकानों पर सक्षम व्यक्तियों के भरने के लिए फॉर्म रखवाए हैं।

पीपलू थाने में ग्राम रक्षक की बैठक आयोजित

पीपलू थाना परिसर में गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम रक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया।

टोंक। पीपलू थाना परिसर में गुरुवार को थाना क्षेत्र के ग्राम रक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान पुलिस वृताधिकारी सत्य प्रकाश व एसआई कुलदीप सिंह ने ग्राम रक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम रक्षक पुलिस का अहम सहयोगी होता है।पुलिस व इनके बीच आपसी मैत्री सबंध होना चाहिए। गांव मे होने वाली हर प्रकार की गैर कानूनी घटना की सुचना पुलिस तक पहुंचाने मे ग्राम रक्षक का अहम रोल होता है। ग्राम रक्षक का दायित्व होता है कि गांव मे लूटपाट व अन्य अपराध करने वाले संदिग्ध प्रवृति के लोगो पर नजर रखे।

यज्ञ की पूर्णाहुति आज

शाहपुरा। कस्बे के समीप बड़ोदिया गांव में वीर तेजाजी स्थान पर श्री देवनारायण महायज्ञ का कुंडा धाम के सन्त महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री प्रहलाद दास महाराज के सानिध्य में आयोजित तीन दिवसीय श्री देवनारायण महायज्ञ के दूसरे दिन बड़ोदिया गांव वेद मंत्रों से गूंज पड़ा। महायज्ञ के आचार्य पण्डित नवीन कुमार उपाध्याय ने वैदिक मन्त्रोच्चारण से विधिवत पूजन अर्चन करवाकर यजमानों से आहुति दिलवाई। यज्ञ ब्रह्मा कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि महायज्ञ में आवाहित देवताओं की,पुरुषसूक्त, रूद्रसूक्त,राम मन्त्र,मूल रामायण, गायत्री मंत्र, श्रीसूक्त यजमानों से दिलवायी गयी। सामवेदी वैदिक पण्डित रितिक शर्मा ने यज्ञ की महिमा बताई । पण्डित कमलेश जोशी जयचन्दपुरा ने कहा कि यज्ञ करने से देवता प्रसन्न होते है और बारिश होती है।महायज्ञ में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने यज्ञ मण्डप की परिक्रमा करते हुए मंगल कामना की। इस दौरान सरदार, हरि,शंकर, ने बताया कि पूर्णाहुति आज शुक्रवार को होगी ।

पूर्व सैनिक की बाइक से चोरी हुये 3 लाख रूपये

कोटपूतली । क्षेत्र में चोरी के मामले आये दिन लगातार सामने आ रहे है। ऐसा ही एक मामला पूर्व सैनिक रमेश कुमार से जुडा है। अज्ञात बदमाश उनकी बाइक में रखे तीन लाख रुपये चोरी कर फरार हो गये। पूर्व सैनिक रमेश कुमार ने बताया कि वह बुधवार दोपहर को एसबीआई बैंक में 03 लाख रुपये जमा कराने गये थे। बैंक में भारी भीड होने के कारण जमा काउण्टर पर मौजूद कर्मियों ने उन्हें कुछ देर बाद आने के लिये कहा। इस पर रमेश कुमार बाजार में अपना काम निपटाने के लिये बैंक से बाहर आ गये। इसी बीच पहले से घात लगाये बैठे बदमाशों ने उनकी गतिविधियों पर नजर बनाये रखी। रमेश कुमार जब आजाद चौक स्थित एक फोटो स्टेट की दुकान में फोटो कॉपी कराने गये तो उन्होंने अपनी बाईक पर रखे बैग में रुपये छोड़ दिये। वापस आने पर उन्होंने पाया कि बैग से 03 लाख रुपये गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में तीन संदिग्ध बदमाश नजर आ रहे है, जो बैंक के अंदर भी घूमते दिखाई दिये। इनमें से एक बदमाश गुलाबी रंग की गर्म टी-शर्ट और काले रंग की टोपी पहने हुये था। पुलिस को शक है कि इन बदमाशों ने बैंक में ही रमेश कुमार को रुपये रखते देख लिया था और उनका पीछा करते हुये आजाद चौक में वारदात को अंजाम दिया। उक्त चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने पुलिस से जल्द बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि शहर में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

बदमाशों ने किये एक लाख रूपये पार : कोटपूतली कस्बे के डाबला रोड़ पर कृष्ण प्लाजा के पीछे रिया मेटलिक स्टील रेलिंग की दुकान पर ठाहक बनकर आये दो बदमाशों ने दुकान के गल्ले से एक लाख रूपये निकाल कर मौके से फरार हो गये। पीड़ित दुकानदार गिरिराज सैनी ने बताया कि बुधवार दोपहर बाद स्टील रेलिंग लगवाने के हिसाब से आये दो बदमाश दुकान पर आकर स्टील के भाव व सामान की क्वाल्टी की जानकारी लेने लगे। दोनों ने स्टील पाईप का सैम्पल दिखाने को कहा। दुकानदार स्टील सैम्पल लेने अंदर गया। इसी दौरान दुकानदार के पीछे से गल्ले में रखे करीब एक लाख रूपये निकाल लिये और अपने बैग में रख लिये। दुकानदार से भाव नहीं जंचने पर वापस दुकान से चले गये। दोनों बदमाशों के चले जाने के बाद दुकानदार ने गल्ला संभाला तो गल्ले में रूपये गायब मिले।

चोरी की वारदातों का नही लगा कोई सुराग

पावटा। पुलिस चोरों के आगे पस्त नजर आ रही है। अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से प्रागपुरा थाने में थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के पदस्थापित होने के कुछ दिन पहले ही अज्ञात चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देकर लाखों का माल लेकर फरार चल रहे हैं।

गफलत की नींद में सो रही पुलिस 23 दिन बाद भी खुलासे मे नाकाम साबित हो रही है। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में पावटा कस्बे की राठी कॉलोनी में घर में हुई लाखों की चोरी की घटना में पुलिस को अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगी है। यही वजह है कि तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस को कामयाबी नहीं मिल सकी। जिससे चोरी मामले में पुलिस पर्दाफाश करने में असफल है। इससे पीड़ित परिवारों में आक्रोश है। जनवरी माह में पावटा कस्बे की राठी कॉलोनी में घर में हुई लाखों की चोरी, कुछ दिन पहले मंढा में ज्वेलर्स की दुकान में चोरी, प्रागपुरा में ट्रांसफार्मर चोरी, पावटा सहित आस पास के क्षेत्र में बाइक चोरियो पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शहरवासियों एवं दुकानदारों में पुलिस के प्रति कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। आखिर पुलिस के शिकंजे से चोर अब तक बाहर क्यों है? लोगों को इंतजार है कि इस बड़ी चोरी का खुलासा कब होता है। हालांकि चोरी मामले को लेकर वरीय पुलिस पदाधिकारी काफी गंभीर है। लगातार थानेदारों को गृह भेदन मामले में पर्दाफाश करने का निर्देश दिया जा रहा है। यही कारण है कि थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में जांच टीम कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पुलिस अधिकारी भले ही दावा करते हों कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जबकि हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करने वाली है। खुलासे के नाम पर सिर्फ घटनास्थल का निरीक्षण और पीड़ित को आश्वासन ही हाथ लगता है।

समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण कर आमजन को राहत पहुंचायें : कलैक्टर

कोटपूतली। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को त्रि-स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत पंचायत समिति विराटनगर की ग्राम पंचायत छीतोली में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें जिला कलक्टर ने मौके पर ही नियमानुसार समस्याओं के निराकरण के निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार की मंशा स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निराकरण करने की है। जिससे आमजन को तहसील अथवा जिला कार्यालय पर नहीं जाना पड़े। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करते हुये समस्याओं का

कोटपूतली कलक्टर ने ग्राम पंचायत छीतोली में की जनसुनवाई।

- जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत छीतोली में की जनसुनवाई
- मौके पर ही संबंधित विभागों से फीडबैक लेकर निराकरण के दिये निर्देश

स्थानीय स्तर पर निराकरण करना है। उन्होंने जनसुनवाई में आये प्रत्येक नागरिक से रूबरू होकर उनके परिवादों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से यथाशीघ्र निराकरण कराने को कहा। जिला कलक्टर ने परिवादियों के बैंक, पट्टे, राशन, सडक, पेयजल कनेक्शन, पेंशन, अतिक्रमण, पुलिस, चिकित्सा व्यवस्था, जल भराव, विद्युत, सीमाज्ञान सहित अन्य समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनसुनवाई में आने वाले आमजन को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो और उनकी समस्याओं का समुचित समाधान सुनिश्चित किया जायें।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला बीबी शवीहा खातून पत्नि मोहम्मद इम्तियाज निवासी 50-ए, साबिर कोलोनी, गंगापोल गेट बाहर, जयपुर का पुत्र मोहम्मद तनवीर मेरी मुवक्किला के कहने में नहीं है एवं आये दिन मेरी मुवक्किला से लडाई झगडा, दुर्व्यवहार करता है. उसने मेरी मुवक्किला का जीना दूभार कर रखा है, इसलिए मेरी मुवक्किला ने अपने पुत्र मोहम्मद तनवीर को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, आज से मोहम्मद तनवीर का मेरी मुवक्किला व उसकी चल-अचल संपति से कोई संबंध व हक अधिकार नहीं रहा है तथा मोहम्मद तनवीर के द्वारा किये जाने वाले किसी भी कृत्य संव्यवहार व कार्यों के बारे में मेरी मुवक्किला की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः सूचित रहे।

भवदीय : मोहम्मद अशफाक (एडवोकेट), मो. 8387862985

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक:6400 जाहिर आम-सूचना दिनांक:06.02.2025

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 50/139 (LIG) का आवंटन श्रीमती सन्तोष पारीक पत्नी श्री रवि प्रकाश पारीक को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 271 दिनांक 14.05.1996 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र क्रमांक 1717/246 दिनांक 09.04.2010 के द्वारा श्री नानग राम पुत्र श्री घासी राम के पक्ष में किया गया। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 21.04.2010 को कर दिया गया। श्री नानग राम की मृत्यु दिनांक 15.11.2024 को हो जाने के कारण उनकी मां समान भाभी/भतीजी श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री घासी राम बैरवा एवं श्रीमती सीता देवी पुत्री स्व. श्री घासी राम बैरवा द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास का हस्तानरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्रीमती कमला देवी पत्नी स्व. श्री घासी राम बैरवा एवं श्रीमती सीता देवी पुत्री स्व. श्री घासी राम बैरवा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। भवदीय, सहायक प्रबन्धक, राज. आवा. मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

टेंडर सूचना

दरगाह हज़रात दाता अमानीशाह जयपुर में दिनांक 09.02.2025 से झूले के टेंडर फार्म भरे जाकर दिनांक 16.02.2025 को खोले जायेंगे अधिक जानकारी के लिए कमेटी के दफ्तर में संपर्क करें।

सदर जमील उर्रहमान फारूकी
इंतेजामिया वक्फ कमेटी
दरगाह अमानीशाह जयपुर
मो.नं. 9887747786

सार्वजनिक सूचना सूचित किया जाता है कि मानस हॉस्पिटल दिनांक 06 अप्रैल 2017 से 31 दिसम्बर 2019 तक के सभी चिकित्सीय अभिलेख (मेडिकल रिकॉर्ड), मृत्यु रिकॉर्ड को छोड़कर, नष्ट करने जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपने आवश्यक रिकॉर्ड प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर अस्पताल में प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद अस्पताल किसी भी रिकार्ड की उपलब्धता के लिए उत्तदायी नहीं होगा। पता-डी-131 जगदंबा नगर-डी ब्लॉक, हीरापुरा, जयपुर राजस्थान-302021 E-mail: manashospitaljaipur@gmail.com Mobile 9799923231

आम सूचना दिनांक 06.02.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नम्बर 238, केडियाज कोठी, ग्राम किशोरपुरा चारणान व सिरसी, तहसील व जिला जयपुर स्थि सम्पति को मय उक्त प्लाट पर निर्मित तामीरात अनिता मंगल पत्नी सुरे कुमार मंगल ने मेसर्स केडिया रियल स्टेट एलएलपी से जरिये विक्रय प दिनांक 22.02.2024 को खरीद कर कब्जा प्राप्त किया गया। उक्त सम्प अनिता मंगल व उनके पुत्र अकिंत मंगल द्वारा HDFC Bank Ltd से ऋ प्राप्त कर बधंक की गई हैं। अनिता मंगल का दिनांक 22.01.2025 को देहा हो गया तथा उनके पति सुरेश कुमार मंगल का पूर्व मे ही दिनांक 20.05. 201 को देहान्त हो गया था अनिता मंगल के एक पुत्री अक्षिता अग्रवाल व एक पु अकिंत मंगल के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नही है अक्षि अग्रवाल द्वारा उपरोक्त वर्णित सम्पति मे अपना सम्पूर्ण 1/2 हिस्सा अपने भ अकिंत मंगल के हित मे जरिये रजिस्टर्ड हक त्याग-पत्र दिनांक 03.02.202 त्याग कर दिया इस प्रकार उपरोक्त वर्णित सम्पूर्ण सम्पति का स्वामी अकि मंगल हो गया है उक्त सम्पति अनिता मंगल व उनके पुत्र अकिंत मंगल द्वा HDFC Bank Ltd से उपरोक्त वर्णित जो ऋण प्राप्त किया गया था उसक अदायगी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी अकिंत मंगल की है। अंकित मंगल सम्पू अदा करने के पश्चात् HDFC Bank Ltd से उक्त सम्पति के स्वामित्व दस्तावेजात प्राप्त करने का अधिकारी होगा जिसमे अक्षिता अग्रवाल को आपत्ति नही होगी तथा अक्षिता अग्रवाल आवश्कता होने पर HDFC Ban Ltd मे उपस्थित होकर हस्ताक्षर करने को बाध्य होगी। यह आम सचूना अभिभाव्यगण अंकित मंगल व अक्षिता अग्रवाल के हिदायत से दी जा रही यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पति के बंधक/ हक- त्याग किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरक से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रक की आपत्ति मान्य नहीं होगी। भवदीय

(रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट, मो. नं. 9829256485

खोया पाया

मेरे फ्लैट नम्बर- KA/8/13 कृष्णा अपार्टमेंट, प्रताप नगर, सांगानेर का सभी ओरिजनल प्रोपर्टी डॉक्यूमेंटकहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। सविता-8559890919

मेरे मकान संख्या 69/39 V.T. रोड मानसरोवर, जयपुर के मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये हैं। मिलने पर सूचित करें-बाबूलाल यादव-8800622113

मेरे मकान 37/79 किरण पथ मानसरोवर का मूल अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 978 जारी 21.02.1995 कांता कुमारी पुत्री मोतीलाल एवं कब्जा पत्र 08.08.1994 कांता कुमारी पुत्री मोतीलाल 05.02.2025 को रजत पथ से स्वर्ण पथ मानसरोवर के बीच गिर गए। मिलने पर सूचित करें-अशोक कुमार गुप्ता-9414648290

मेरे मकान सं. 85/580 प्रताप नगर, जयपुर का मूल आवंटन, कब्जा, नो-ड्यूज, सेवन डेज, Hand Over Take आदि गुम हो गये हैं। मिलने पर सम्पर्क करें- कमला-9828377422

मेरे मकान सं. 85/581 प्रताप नगर, जयपुर का मूल आवंटन,नो-ड्यूज, कब्जा, To Whom It May Concern आदि गुम हो गये हैं। मिलने पर सम्पर्क करें- सूरजमल चान्दोलिया-9828377422

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 02/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री मनोज कुमार बैरवा पुत्र श्री प्रेम नारायण बैरवा निवासी 121, टैगोर नगर, करतारपुरा, बरकत नगर जयपुर-302006 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत डी.एन. एज्युकेशन सोसायटी कार्यालय पता 121, टैगोर नगर, करतारपुरा, जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 29.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 04.04.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम हसीना बैगम से बदलकर हसीना खान रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम हसीना खान पत्नी श्री जाहिद खान के नाम से जाना जावे। निवासी 546 पठानों का चौक, ब्रह्मपुरी, जयपुर

मेरा नाम सन्तोष कुमार पुत्र श्री छीतर जाति ब्राह्मण उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम गोरधनपुरा तहसील कोटपुतली जिला कोटपुतली-बहरोड (राज.) जो समस्त मूल कागजातों यथा आधार कार्ड राशन कार्ड आदि में अंकित है। इसलिए मुझे सन्तोष कुमार पुत्र श्री छीतर के नाम से जाना जावें।

I, Sachin Bansal, S/o Jagdish Bansal R/o H-1101 Jewel of India, Jaipur-302018 have changed my minor daughter's name from Krisha Bansal to Diyara Bansal, so in future she should be known as Diyara Bansal

I army no. 15105154X Ex LNK narsi Lal Yadav S/o Nathuram Yadav R/o 50 ayodhyadham colony niwaru road jhotwara Jaipur that have my daughter name From Anita (DOB 1.12.1992) is wrong entered in service record To Anita Yadav (DOB 17.5.1993) vide affidavit dated 3.2.2025 before district notary Jaipur.

I service no. 3006124N Ex ACP HAV hanuman Singh Gurjar S/o Jagdish prasad gurjar R/o village post khairwal tehsil district Dausa that have changed my daugther name from Payal is wrong entered in service record to Payal Gurjar vide affidavit dated 4.2.23 before district notary Dausa Rajasthan.

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राज

बोर्ड परीक्षा-2025 हेतु परीक्षार्थियों की उपस्थिति गणन

माध्यमिक/उच्च माध्यमिक/प्रवेशिका/वरिष्ठ उपाध्याय/व्यावसायिक परीक्षा 2025 में प्रविष्ट हो (प्रपत्र 49, 50) बोर्ड वेबसाईट पर अपलोड किये गये है। अतः सभी शाला प्रधानों द्वारा बोर्ड के अनुसार उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु उपस्थिति की गणना 13 फरवरी 2025 तक की जानी है। दिनांक 28 फरवरी 2025 तक बोर्ड की ई-मेल ddexamfirst@gmail.com पर ऑनला विस्तृत नियमों की जानकारी प्रपत्र 51 में बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.rajasth

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)

क्रमांक :- ज